भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 534
24.07.2025 को उत्तर के लिए

मानव-पशु संघर्ष

534. श्री संदोष कुमार पीः

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पाँच वर्षों के दौरान मानव-पशु संघर्षों में मारे गए लोगों की राज्य-वार सूची क्या है;
(ख) क्या सरकार केरल राज्य में मानव पशु संघर्ष की चिंताजनक समस्या से अवगत है, जिसने जंगली जानवरों के प्राकृतिक आवास के पास रहने वाले लोगों के जीवन और आजीविका को गंभीर रूप से प्रभावित किया है;
(ग) क्या सरकार मानव-पशु संघर्ष के विनाशकारी प्रभाव को कम करने के लिए वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के प्रावधानों में संशोधन करने हेतु कोई पहल कर रही है;
(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री कीर्तवर्धन सिंह)

(क) से (ङ) केरल राज्य सहित देश के विभिन्न भागों से मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं सामने आई हैं। राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में बाघों और हाथियों के हमलों के कारण हुई मानव मृत्यु का विवरण क्रमश: **अनुलग्नक-I** और **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 में वर्ष 2022 में संशोधन किया गया। वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 11 में राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को मानव-वन्यजीव संघर्ष स्थितियों के प्रबंधन की शक्तियां दी गई हैं। अब तक वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 में संशोधन का कोई प्रस्ताव नहीं है।

****

अनुलग्नक-I

"मानव-पशु संघर्ष" के संबंध में दिनांक 24.07.2025 को उत्तर के लिए पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 534 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पिछले पांच वर्षों के दौरान बाघों के हमलों के कारण हुई मानव मृत्यु का वर्षवार और राज्यवार ब्यौरा

क्र. सं.	**राज्य**	**2020**	**2021**	**2022**	**2023**	**2024**
1	असम	0	0	0	0	4
2	बिहार	1	4	9	1	2
3	छत्तीसगढ	0	0	0	3	0
4	झारखंड	0	0	0	0	0
5	कर्नाटक	0	1	1	8	2
6	केरल	2	0	0	0	0
7	मध्य प्रदेश	11	2	3	10	6
8	महाराष्ट्र	25	32	82	37	42
9	मिजोरम	0	0	0	0	0
10	ओडिशा	0	0	0	0	0
11	राजस्थान	0	0	0	0	0
12	तमिलनाडु	1	3	0	1	0
13	तेलंगाना	2	0	0	0	1
14	उत्तर प्रदेश	4	11	11	25	10
15	उत्तराखंड	0	1	3	0	5
16	पश्चिम बंगाल	5	5	1	0	1
कुल		**51**	**59**	**110**	**85**	**73**

अनुलग्नक-II

"मानव-पशु संघर्ष" के संबंध में दिनांक 24.07.2025 को उत्तर के लिए पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 534 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पिछले पांच वर्षों के दौरान हाथियों के हमलों के कारण हुई मानव मृत्यु का वर्षवार और राज्यवार ब्यौरा

क्र. सं.	राज्य	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
1	आंध्र प्रदेश	4	6	4	5	6
2	अरुणाचल प्रदेश	0	2	2	0	0
3	असम	75	91	63	80	74
4	छत्तीसगढ	77	42	64	69	51
5	झारखंड	84	74	133	96	87
6	कर्नाटक	30	26	27	29	48
7	केरल	12	20	25	22	23
8	महाराष्ट्र	1	0	0	2	5
9	मेघालय	4	6	3	3	7
10	नगालैंड	0	0	0	1	1
11	ओडिशा	117	93	112	148	154
12	तमिलनाडु	58	57	37	43	61
13	त्रिपुरा	2	1	2	2	1
14	उत्तर प्रदेश	6	1	0	4	4
15	उत्तराखंड	9	13	12	4	8
16	पश्चिम बंगाल	116	47	77	97	99
	कुल	**595**	**479**	**561**	**605**	**629**